Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding taking advance preventive action to contain spread of Corona Virus. in the country

श्री मलूक नागर (बिजनौर): अध्यक्ष महोदय, मैंने कोरोना से संबंधित मुद्दे को पार्लियामेंट में 12 मार्च को उठाया था। अगर सरकार ने इसका संज्ञान ले लिया होता तो जो मजदूरों की हालत हुई, वह न हुई होती और वे समय से अपने घर भेज दिए जाते। जब लॉकडाउन खुला तो वापस भी आ जाते, इन्फ्रास्ट्रक्चर और बिल्डिंग प्रोजेक्ट चालू हालत में रहते और देश की आर्थिक स्थिति भी अच्छी रहती । किसानों की तरफ भी अगर ध्यान दे दिया जाता तो जो फसल बर्बाद हुई, दूध बर्बाद हुआ, वह भी न हुआ होता। विदेशों से जो लोग आते थे उनको एयरपोर्ट पर रोक दिया जाता तो निजामुद्दीन की घटना भी नहीं होती और कोरोना नहीं फैलता। खैर, जो हो गया सो हो गया। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने जो नियम बनाए, हमने उसको पूरी तरह सपोर्ट किया। बहन कुमारी मायावती जी ने उसका सपोर्ट किया। अभी पूरे वर्ल्ड में दुबारा से यूरोप के इटली से शुरूआत हो गई है, सरकार जागे ताकि दुबारा से देश की हालत ऐसी न हो जाए और एडवांस में जाकर कार्रवाई करे। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री गिरिश चन्द्र को श्री मलूक नागर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।